tion is being collected, and to the extent available, will be laid on the Table of the House.

बोकारो इस्पात संयंत्र में कर्मचारियों को भुगतान किया गया समयोपरि भत्ता

82. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **इस्पात और खान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है ;

(ख) क्या उत्पादन वृद्धि और लक्ष्य प्राप्ति के लिये समयोपरि कार्य भी कराया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो नवम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 की अवधि के दौरान कर्मचारियों को समयोपरि भत्ते के रूप में कितनी राशि का भुगतान किया गया ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बसवराज पाटिल) : (क) बोकारो इस्पात संयंत्र में 1-12-1990 की स्थिति के अनुसार कर्मचारियो की कुल संख्या 46,454 है, जिसमें 41,686 गैर-कार्यपालक कर्मचारी हैं ।

(ख) जी, नही । बोकारो इस्पात संयंत्र केवल आकस्मिक जरूरतों के लिए समयोपरि भत्ता देता है । उत्पादन बढाने अथवा उत्पादन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समयोपरि भत्ते का भुगतान नहीं किया जाता है ।

(ग) नवम्बर, 1989 से नवम्बर, 1990 की अवधि के दौरान बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा 12,34,692/- रु० की राशि समयोपरि भत्ते के रूप में भुगतान की गई, जिसमें से कर्मशाला प्रभाग के कर्मचारियों को केवल 2,92,880/-रु० की राशि का भुगतान किया गया ।

पंजाब नेशनल बैंक, औरंगाबाद, बिहार में डकैती

83. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के औरंगाबाद जिले में पंजाब नेशनल बैंक की देव स्थित शाखा में अक्तूबर, 1990 मे डकैती की कोई घटना हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो लूटी गयी राशि का ब्यौरा क्या है और क्या अभियुक्तों की पहचान कर ली गयी है ; और

(ग) क्या उक्त घटना मे कोई बैंक अधिकारी भी शामिल है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री और विदेश मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दिग्विजय सिंह) : (क) से (ग) पंजाब नेशनल बैंक से प्राप्त सूचना के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक की जिला औरगाबाद बिहार की देव स्थित शाखा से तीन व्यक्तियो ने दिनाक 29 अक्तूबर, 1990 को 9,93,500/- रु० लूटे थे । उनका पीछा करने पर मुठभेड़ मे उनमें से एक व्यक्ति मारा गया, एक गिरफ्तार किया गया और तीसरा भाग गया । उनसे 6 लाख रुपए बरामद किए गए थे । बैंक के अनुसार इस घटना मे किसी कर्मचारी के शामिल होने के बारे में कोई सूचना नही है ।

Environmental Pollution in Rourkela

84 SHRIMATI SATYA BAHIN: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that environmental pollution in Rourkela has assumed alarming proportions due to leakage of Blast Furnace Gas;

(b) whether it is a fact that most of the dust catchers installed in Rourkela Steel Plant are not working leading to atmospheric pollution;

(c) whether it is also a fact that in the Steel Plant and its adjoining areas the at-